

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

खबर संक्षेप



आयुष स्वास्थ्य शिविर का 240 मरीजों ने उठाया लाभ

बलौदाबाजार। आयुष विभाग के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर डमरू द्वारा एक दिवसीय आयुष स्वास्थ शिविर एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन कार्यक्रम के तहत विकासखंड बलौदाबाजार के रामायण चैक खटियापाटी में आयोजित किया गया। इस शिविर में 240 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर में ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्क्युलोस्केलेटल डिसऑर्डर एवं व्योमित्र स्क्रीनिंग एवं एनसीडी स्क्रीनिंग किया गया। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलएस ध्रुव, आयुष चिकित्सक डॉ विवेक वर्मा, डॉ. नेकदत्त बरतामसी, फार्मासिस्ट सावित्री योगी, योगेंद्र गेंडरे उपस्थित थे।

14 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, दो युवक गिरफ्तार



पलारी। ग्राम कोसमंदी अछोली के बीच दर्री तालाब के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपी दुर्गेश मानिकपुरी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पहंदा, सर्वजीत धृतलहरे उम्र 18 साल निवासी वार्ड नंबर 11 दशरमा रोड बलौदाबाजार को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से कुल 9840 रुपए कीमत मूल्य का 14.760 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत मामला कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है। प्रकरण विवेचना में है।

जन्मदिन पर शिक्षक विशेषर ने स्कूली बच्चों को कराया न्यौता भोज



खरोरा। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं लेकिन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह के शिक्षक विशेषर वर्मा ने अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों को न्यौता भोज कराने खुशियां बांटने की अनूठी पहल की है। उनकी इस पहल से बच्चों में उत्साह देखने को मिला। शिक्षक वर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर साल के बच्चों को न्यौता भोज कराया। इस दौरान बच्चों के साथ खुशियां सजा कर उन्होंने जन्मदिन को ख़ास बनाया बच्चों के साथ भोजन करने उन्हें इसने देने की पहल ने साल के माहौल को खुशनुमा बना दिया। शिक्षक वर्मा की इस पहल से यह संदेश दिया गया कि जन्मदिन केवल व्यक्तिगत खुशियां मनाने का अवसर नहीं है बल्कि दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने का भी माध्यम बन सकता है। स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन मना कर उन्होंने सामाजिक सहभागिता और आपसी सद्भाव की भावना को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर साल की प्रधान पाठक हेमकुमारी साहू, शिक्षक चरित्र कुमार ध्रुव, संजय कुमार बंछोर, केवल दास बंजारे, भेष कुमार व महिलाएं उपस्थित रहे।

22 लाख की लागत से 3 महीने पहले बनी सीसी रोड में पड़ीं दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैंसा

आरंग विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भैंसा में महज 3 महीने पूर्व ग्राम भैंसा निवासी राम डहरिया के घर से पशु चिकित्सालय तक लगभग 22 लाख 16 हजार की राशि से निर्मित सीसी रोड की क्वालिटी की पोल अब खुलने लगी है, निर्माण किए गए सीसी रोड में जगह जगह पर बड़ी दरारें निर्माण किए गए कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है, ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी रोड बने अभी लगभग तीन ही महीने हुए है और मार्ग की हालत अभी से खराब हो रही है। संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही की है। गौरतलब है कि ग्रामीणों के लिए लंबे समय से निस्तारी, आवाजाही एक बड़ी समस्या थी। मार्ग कच्ची होने के कारण आवाजाही में उन्हें काफी परेशानी होती थी। इसी समस्या के समाधान के लिए इस सीसी रोड को मंजूरी देते हुए 22 लाख 16 हजार की राशि स्वीकृत दी गई थी। जिसकी कुल लंबाई 556 मीटर के आसपास की है। जिसका निर्माण कार्य का ठेका रायपुर के एक ठेकेदार को दी गई थी।

ग्राम पंचायत भैंसा सरपंच राम कुंवर कोठारी ने कहा की मैने कार्य को स्वयं देख ली हुं। आसपास के ग्रामीणों की भी शिकायत है। कार्य गुणवत्ता नहीं हुआ है जिसकी जांच जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।



निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

पहली ही बारिश में बिगड़ने लगी सड़क की हालत

लेकिन संबंधित ठेकेदार ने सीसी रोड निमार्ण कार्य में घोर लापरवाही की है जिसका नतीजा सीसी रोड में जगह जगह पड़ी दरारों के रूप में दिख रही है। अभी से दिख रही निर्माणाधीन सीसी रोड की दरारें को देखकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है, ग्रामीणों का कहना है की निर्माण कार्य घटिया क्वालिटी का हुआ है, पहले ही बरसात में ये हाल है तो, आगे क्या होगा, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी संदिग्ध है। ग्रामीणों ने पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच करा के निर्माण कार्य से संबंधित दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। सुरेश कुमार साहू ठेकेदार ने कहा की तापकीय विस्तार जोड़ की वजह से कई जगहों पर दरारे आना स्वाभाविक है। मैने अपना काम अच्छे से किया है।

क्राईम मीटिंग में एसपी ने की अपराधों की समीक्षा, लंबित मामलों के निराकरण के दिए कड़े निर्देश

पुलिसिंग में कसावट और सुरक्षा का भाव सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा श्री गौरव राय के निर्देशन में शनिवार को सुबह 11:00 बजे से पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में जिले की महत्वपूर्ण क्राईम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं सभी थाना-चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देश एवं संबोधन-बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को विस्तार से दिशा-निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिसिंग में कसावट लाना और आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव पैदा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने संबोधन में उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष बल दिया। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्रविष्टियों को शत-प्रतिशत और समय पर पूरा किया जाए। इसके साथ ही विवेचना के दौरान ई-साक्ष्य का संकलन अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि न्यायालयीन प्रक्रिया में मजबूती मिल सके।

4. लंबित अपराधों व शिकायतों का त्वरित निकाल (विशेषकर 2024-25): जिले में लंबित अपराधों, मर्ग डायरियों, शिकायतों एवं शिकायत जांच का शीघ्र निराकरण करने के कड़े निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने विशेष तौर पर वर्ष 2024 से 2025 तक के समस्त लंबित अपराधों की सूची की समीक्षा करते हुए इन्हें प्राथमिकता के आधार पर तेजी से हल करने को कहा। बैठक में खोमन सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मयंक रणसिंह एसडीओपी भाटापारा कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैम्प कसडोल, संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, मोनिका मरावी उप पुलिस अधीक्षक यातायात, उषा सोंधिया एसडीओपी बलौदाबाजार सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।



आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

चूंकि वर्तमान में नवरात्रि, दशहरा एवं आगामी दीपावली जैसे प्रमुख पर्व चल रहे हैं, अतः क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चाक-चौबंद सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। असामाजिक तत्वों, हुड़दंगियों और शांति व्यवस्था में बाधा डालने का प्रयास करने वाले तत्वों पर बिना किसी ढील के सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा-बैठक के दौरान अपने थानों में उत्कृष्ट कार्य, बेहतर पुलिसिंग और सजगता का परिचय देने वाले निरीक्षक प्रवीण मिंज एवं निरीक्षक परिवेश तिवारी के कार्यों की विशेष रूप से सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा की गई, जिससे अन्य अधिकारी भी प्रेरित हो सकें।

बल का प्रभावी प्रबंधन एवं उपयोग

थानों और चौकियों में उपलब्ध पुलिस बल का युक्तिसंगत एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। मैदानी स्तर पर बल का इस प्रकार प्रबंधन हो कि संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की दृश्यता स्पष्ट रूप से नजर आए। साइबर अपराध एवं साइबर पोर्टल एमआरएम और जीआरएम पर प्राप्त शिकायतों व मामलों में त्वरित, गंभीर और प्रभावी कार्रवाई की जाए, जिससे ठगी गई राशि की रिकवरी समय पर हो सके।



जन्मदिन पर प्रेस क्लब पहुंचे भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष रविशंकर वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष रविशंकर वर्मा अपने जन्मदिन पर बलौदाबाजार प्रेस क्लब पहुंचे। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी सहित पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वर्मा ने भी आत्मीयता व्यक्त करते हुए उपस्थित पत्रकारों को श्वेत गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। रविशंकर वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं। पत्रकारों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। वर्मा ने संबंधित मुद्दों के निराकरण के लिए आवश्यक प्रयास करने की बात कही।

जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में पत्रकारों और राजनीतिक प्रतिनिधियों के बीच संवाद एवं सौहार्द का वातावरण रहा। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी, सचिव दलजीत सिंह चावला, उपाध्यक्ष निशांत श्रीवास्तव सहित विजय शंकर तिवारी, राजेश्वर गिरी, उमेश बाजपेई, मिथिलेश वर्मा, पुष्पकांत मेजर, आभास शर्मा, गोविंद रात्रे, श्रवण ध्रुव, देवेंद्र साहू, गणेश साहू, राघवेंद्र सिंह और हिमांशु शुक्ला उपस्थित रहे।

गांजा जब्ती मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। गांजा जब्ती के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पूर्व में 47.300 किलो गांजा जब्ती के मामले में दो नाबालिग सहित पांच लोग गिरफ्तार किए गए थे। इस मामले में कोमाखान थाना में जुर्म दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फायनेंशियल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके तहत पुलिस लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना कोमाखान के अपराध क्रमांक अप.क्र. 52/2026 धारा 20(बी)(II)(सी) एनडीपीएस एक्ट के मामले में दिनांक 19.04.2026 को मुखबिर सूचना पर एक सफेद रंग की अशोक लीलैंड ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यू एस 4806 में चार लोग अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे थे, जिन्हें नाकाबंदी कर गवाहों के समक्ष ट्रक की तलाशी लेने के पर कुल 47.300 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ पाया गया।

विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिखाए 110 से अधिक आकर्षक मॉडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में शनिवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने लगभग 110 मॉडल और प्रदर्शनी प्रस्तुतियों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया।

मेले में जल संरक्षण, हरित ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, सतत कृषि, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, सुरक्षित परिवहन, संसाधन प्रबंधन और उभरती तकनीकों सहित विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने मॉडलों की कार्यप्रणाली और उनकी व्यावहारिक उपयोगिता की जानकारी दी।

शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, सेवानिवृत्त व्याख्याता हरीश देवांगन, महेंद्र साहू, संजीव देवांगन और गुरजीत कौर भाटिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। निर्णायकों ने वैज्ञानिक सिद्धांतों की समझ, प्रस्तुतीकरण, रचनात्मकता और उपयोगिता के आधार पर मॉडलों का मूल्यांकन किया। नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि विज्ञान मेले विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और किताबी ज्ञान को प्रयोगों के माध्यम से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि प्रयोगात्मक शिक्षा से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक चिंतन और समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है। आयोजन में शिक्षकों रजनी त्रिपाठी, रीतारानी वर्मा, श्वेता शर्मा, प्रिया संघवी और तान्या भट्टाचार्य का योगदान रहा।

नगर साहू समाज भाटापारा की कार्यकारिणी का विस्तार

भाटापारा। नगर साहू समाज के कार्यकारिणी का विस्तार अध्यक्ष राजेश साहू एवं सचिव जीत नारायण साव के द्वारा किया गया है। नवीन कार्यकारिणी में विभिन्न पदों एवं प्रकोष्ठों की जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। नगर साहू समाज भाटापारा की कार्यकारिणी में वर्तमान विधायक इन्द्र साव एवं पूर्व विधायक चैतराम साहू को संरक्षक मंडल के प्रथम क्रम में रखा गया है एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में सुकृत साहू, संतोष साहू, ओमहेरे साहू, किशन साहू, घनाराम साहू, हिरमत साहू, कल्याणी साहू, सरस्वती साहू पति स्व. पूरन लाल, लता देवी साव पति स्व. ललित नारायण साव एवं सरस्वती साहू पति प्रमोद साहू को शामिल किया गया है। सलाहकार के रूप में टीआर साहू, अनूप साहू, मनीराम साहू, गेन्दलाल साहू एवं जीआर साहू को नियुक्त किया गया है। संगठन मंत्री के रूप में रघ्घू लाल साहू, प्रेम लाल साहू , शिव साहू, सुखदेव साहू एवं राज लक्ष्मी साहू कार्य करेंगे। छात्रावास प्रभारी का दायित्व नभ नारायण साहू के साथ मुकेश साहू पूर्व एल्डरमेन एवं अंकेक्षक का दायित्व लुकु राम साहू को प्रचार-प्रसार मंत्री का दायित्व हेम कुमार साहू एवं जीत साहू को, समाज सेवक का दायित्व कामता प्रसाद साहू को तथा मीडिया प्रभारी का दायित्व संतोष साहू, अमृत साहू एवं प्रेम लाल साहू को सौंपा गया है। विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक के रूप में युवा प्रकोष्ठ के लिए प्रेम साहू, महिला प्रकोष्ठ के लिए कमला साहू को पुनः मौका दिया गया है। वहीं न्याय प्रकोष्ठ के लिए भागवत साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ के लिए डॉ. मेघराज साहू, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के लिए गणेश राम साहू, किसान प्रकोष्ठ के लिए उत्तम साहू अधिवक्ता प्रकोष्ठ के लिए माधव साव, साहित्य एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के लिए अजय साहू, पारिवारिक परामर्श प्रकोष्ठ के लिए रूपेंद्र साहू, शिक्षा प्रकोष्ठ के लिए चंद्रशेखर साहू तथा व्यापारी प्रकोष्ठ के लिए बाबू तोरण लाल साहू को जिम्मेदारी दी गई है।

तिल्दा में खुलेआम अवैध शराब बिक्री से ग्रामीण परेशान, थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

ग्राम तिल्दा की सरपंच, पंच एवं ग्रामीण शनिवार दोपहर 1 बजे लवन थाना पहुंचकर गांव में पांच व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से बेच रहे शराब को बंद कराने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम तिल्दा में पांच व्यक्तियों के द्वारा देशी-अंग्रेजी एवं महुआ शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है। गांव में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं का घर से निकलना दुभर हो गया है। बाहर के कुछ लोगों के द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के घर में शराब पहुंचाई जा रही है। शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया की अवैध शराब की बिक्री से ग्राम तिल्दा का माहौल खराब हो रहा है। शांम होते ही गांव के चौक-चौराहों पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। शराब पीने वाले लोग सार्वजनिक स्थान एवं स्कूल परिसर की जगह को भी नहीं छोड़ रहे है। स्कूल जाकर शराब पीने से स्कूल में पड़ रहे बच्चों के मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा अब युवाओं के साथ-साथ भी किशोर वर्ग के युवा भी नशे का आदी हो रहे है। गांव में खुलेआम शराब बेचे जाने से बच्चों पर भी गलत असर पड़ने लगा है। ग्राम पंचायत पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वालों को कई बार समझाने के बावजूद नहीं मान रहे है। वही, ग्राम पंचायत ने गांव में शराब बंद कराने को लेकर पंचायत प्रस्ताव भी किया गया है। शराब की वजह से आए दिन गांव में विवाद हो रहे है। शराब बेचने वालों का विरोध करने पर वह झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे है। देते हुए बताया कि गांव में सस्ते दामों में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिससे गांव के युवाओं में नशा की आदत बढ़ती जा रही है और आपस में विवाद, लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं असामाजिक तत्व भी सक्रिय हो गए हैं, और खुलेआम स्कूल परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों में बैठकर शराब पी रहे है। इससे बच्चे भी बिगड़ रहे है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच दीनबंधु घृतलहरे, उप सरपंच मनोज कैवर्त, बरातू सहित गांव के पंचगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



कार्रवाई की जाएगी

सुरेन्द्र सिंग, सब इंस्पेक्टर पुलिस थाना लवन ने कहा की ग्राम तिल्दा के सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वारा गांव में पांच व्यक्तियों के खिलाफ़ में लिखित में शिकायत दिया गया है।

पेज 3 के शेष

भाटापारा में 107वें....

सूर्यकांत शुक्ला एवं संदीप मल, शिवनारायण गुप्ता जो कि कलाकारो को तैयार करने के लिए जाने जाते है इन्होंने बताया की इसबार नई-नई पोशाकों के साथ नए अस्त्र शस्त्र एवं रंग रोगन के समान मंडली के द्वारा लाए गए है जो की आकर्षण का केंद्र होंगे। समिति के उपाध्यक्ष जगदीश वैष्णव ने बताया की सारे कलाकार आने वाले मंचन के लिए रोमांचित एवं उत्साहित हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार हैं। रामलीला मंचन का लाइव सीधा प्रसारण खबर भाटापारा के यूट्यूब पर होगा।

श्री बालाजी मंदिर...

संस्कृति परिवार चरौंटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार शामिल होकर मां जगदम्बा के दर्शन, पूजा-अर्चना एवं प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। नवरात्रि महापर्व के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहेगा।

जिला बदर आदेश...

पुलिस के मुताबिक, 10 अक्टूबर को सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी राहुल भारती भैंसापसरा क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में जिला बदर आदेश जारी होने के बावजूद बलौदाबाजार में घूमने की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 14 एवं 15 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

आठ किलो गांजा...

बाड़ी में छिपाकर रखे गए थैले व प्लास्टिक की बोरी की तलाशी ली गई। तौलकर्ता की उपस्थिति में विधिवत वजन करने पर कुल 8.718 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपी जयप्रकाश कुर्रे का कृत्य एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 340/2026 पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते करने की प्रक्रिया की जा रही है।





हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

श्री बालाजी मंदिर में नवरात्रि महोत्सव आज से



हिरमी रावन। श्री बालाजी अखंड नवदुर्गोत्सव समिति हिरमी के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि महापर्व का नौ दिवसीय आयोजन 11 से 19 अक्टूबर तक श्री बालाजी मंदिर प्रांगण हिरमी में श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में किया जाएगा। महोत्सव को लेकर समिति द्वारा तैयारियां की गई हैं। नवरात्रि के दौरान मां भगवती की आराधना के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समिति के सदस्य रवि अनंत ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिवस 11 अक्टूबर को राजे श्री 1008 डॉ. श्री रामसुंदर दास जी महंत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर मुख्य ज्योति कलश प्रज्वलित करेंगे। इस दौरान विधि-विधान से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की स्थापना, पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। नौ दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 11 अक्टूबर को किरण साहू द्वारा जस जगराता, 12 अक्टूबर को संगी जहूरिया नांदघाट मुंगेली, 13 अक्टूबर को लव-कुश जगराता खैरागढ़, 14 अक्टूबर को गंगा नाइट शो ऑर्केस्ट्रा, 15 अक्टूबर को रंग बसंत राजनांदगांव तथा 16 अक्टूबर को दिव्य भूषण ऑर्केस्ट्रा भाटापारा की प्रस्तुति होगी।इसी क्रम में 17 अक्टूबर को संगी रे रिकॉर्डिंग डांस ग्रुप दुर्ग-बिरेझर, 18 अक्टूबर को स्तुति जगराता महासमुंद तथा 19 अक्टूबर को सुवा ▸▸ शेष पेज 02 पर

नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।


नवरात्रि आज से, देवालयों में जलेंगे जोत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

रविवार 11 अक्टूबर से अंचल में नवरात्रि पर्व की धूम रहेगी, जहां माता के भक्त 9 दिनों तक मा दुर्गा की 9 स्वरूपों की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे। इस दरम्यान उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिलेगा। नवरात्र पर्व पर समितियों द्वारा अनुभवी कलाकारों के द्वारा बेहद खास डिजाइन के आकर्षक व भव्य पंडाल बनाये गए हैं। वहीं दीवालयों का रंग -रोगन कर रंग बिरंगी लाइट से माता का दरबार सजाई गई है। वहीं नवरात्रि पर मनोकामना ज्योत प्रज्वलित से देवालय जगमग होंगे। अंचल के डोंगरदेवी, तुरतुरिया, सहित नगर के शीतला मंदिर, महामाया, ठाकुरदेव, शारदा मंदिर, बगदई सहित सार्वजनिक स्थलों पर मां दुर्गा के प्रतिमा के साथ जो जवारा का कार्यक्रम होगा। वहीं नगर में बाजार चौक, गांधी चौक, सरस्वती चौक, शांति नगर, इंदिरा नगर, बस स्टैंड सहित प्रत्येक ग्रामो में जसगीतो के साथ मादर कि थाप पर माता की सेवा की जाएगी।

भाटापारा में 107वें वर्ष की ऐतिहासिक रामलीला आज से

भाटापारा। भाटापारा नगर की ऐतिहासिक और 106 वर्ष प्राचीन आदर्श रामलीला नाटक मंडली द्वारा इस वर्ष 107वें वर्ष के रामलीला मंचन को तैयार है। रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रकाशचंद शर्मा एवं सचिव कोमल शर्मा जो कि पात्रो के अभिनय की रिहर्सल कराने के लिए विगत तीन माह से मेहनत कर रहे है, उन्होंने बताया कि वर्ष 1920 में स्थापित यह रामलीला छत्तीसगढ़ की सबसे प्राचीन रामलीलाओं में से एक है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही यह परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ निभाई जा रही है। इस वर्ष रामलीला का शुभारंभ 11 अक्टूबर रविवार को सायं 7:30 बजे से रामलीला मैदान में होगा। समिति के वरिष्ठ सदस्य देवनारायण शर्मा एवं हेमंत मल ने बताया कि इस बार मंच, प्रकाश व्यवस्था और पोशाकों को विशेष रूप से आकर्षक बनाया गया है। लगभग 80 से अधिक स्थानीय कलाकार एवं प्रबंधन कई दिनों से अभ्यास व व्यवस्था करने में लगी हैं। 11 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में श्रवण-प्रसंग, नारद मोह, धनुष यज्ञ, सीता हरण, बालीबध, लंकादाहन, अंगद रावण संवाद, कुंभकर्ण वध,देवीलीला अहिरावण वध, की लीला प्रस्तुत की जाएगी हैं। ▸▸ शेष पेज 02 पर



कार्रवाई : नकली लेबल लगाकर बिक्री का मामला उजागर

अमानक खाद का अवैध भंडारण 130 बोरियां जब्त, व्यापारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बगबुड़ा

जिले के ग्राम सरखोर स्थित शिव ट्रेडर्स के संचालक को अमानक खाद का अवैध भंडारण एवं विक्रय करने के मामले में लवन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कृषि विभाग के औचक निरीक्षण में बिना उर्वरक प्राधिकार पत्र के खाद का भंडारण पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, किसानों को असली उर्वरक बताकर नकली लेबल के माध्यम से अमानक खाद बेचने का मामला भी सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार 13 जून 2026 को शिव ट्रेडर्स के गोदाम का निरीक्षण किया गया था। जांच में डीपीआई नवरतन पारादीप फॉस्फेट उर्वरक की 130 बोरियों का अवैध भंडारण पाया गया।



विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज

मौतिक सत्यापन के दौरान 67 बोरी खाद, करीब 30 किलोग्राम खाद की एक खुली बोरी तथा सीवीड एक्सट्रैक्ट ऐश बायोकेमिकल्स कंपनी की 34 सीलबंद बाल्टियां मिलीं। शेष खाद की बिक्री या उसे छिपाए जाने की बात सामने आई। शिकायत पर थाना लवन में अपराध क्रमांक 334/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता, आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक नियंत्रण आदेश के प्रावधानों में मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी चंदाराम वर्मा (38), निवासी सरखोर ने पूछताछ में बिना प्राधिकार पत्र खाद का भंडारण और बिक्री करना स्वीकार किया। उससे बिक्री की शेष राशि के रूप में 2,000 रुपये नकद जब्त किए गए। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में हुई कार्रवाई के बाद आरोपी को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। मामले की विवेचना जारी है।

जिला बदर आदेश का उल्लंघन, राहुल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर बलौदाबाजार में घूम रहे 23 वर्षीय राहुल भारती को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी भैंसापसरा का निवासी है। पुलिस उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया कर रही है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के तहत राहुल भारती को जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया था। आदेश के तहत उसे बलौदाबाजार-भाटापारा सहित सीमावर्ती जिलों बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ती, बेमेतरा और सारंगढ़-बिलाईगढ़ की सीमाओं से बाहर रहने तथा न्यायालय की अनुमति के बिना संबंधित क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। ▸▸ शेष पेज 02 पर



आठ किलो गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

लवन। जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री तथा तस्करों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लवन पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध गांजा परिवहन कर रहे 01 तस्कर जयप्रकाश कुर्रे पिता कमल कुर्रे, उम्र 37 वर्ष, निवासी लवन को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। 9 अक्टूबर की रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 03 लवन निवासी जयप्रकाश कुर्रे अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिए रखा हुआ है। सूचना पर थाना लवन पुलिस टीम द्वारा गवाहों के साथ संदेही के घर व बाड़ी की घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। संदेही जयप्रकाश कुर्रे के घर की ▸▸ शेष पेज 02 पर







खबर संक्षेप



सर्वपितृ अमावस्या पर सिंधी महिला मंडल ने कराया भंडारा

भाटापारा। सिंधी महिला मंडल भाटापारा द्वारा पितरो की तृप्ति-जीवन की सिद्धी के मुल मंत्र को चरितार्थ करते सर्वपितृ अमावस्या के पावन अवसर पर आम जनों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन पूज्य दरी साहब बाबूलाल टाकिज के सामने किया गया। भंडारे की सेवा शीतल आर्य, आशा सबलानी, कौशिल्या बत्रा, सुनीता दावानी, रीमा बत्रा, सुनीता गुरयानी, मीना छाबड़िया, प्रिया माधवानी, साक्षी आर्य, संजना सबलानी, विशाखा बत्रा व कनक माधवानी द्वारा की गई। सहयोग के लिए सिंधु सेवा समिति के भीषम गुरयानी, राजेश छाबड़िया, कैलाश बालानी, नंदलाल तनवानी, गोबिंद सहेता, विशाल बजाज, कपिल गुडियाल उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संस्था की शीतल आर्य द्वारा दी गई।

सेजेस के रेड क्रॉस छात्रों ने किया भ्रमण



गिधौरी। शनिवार को सेजेस स्कूल बलौदा के रेड क्रॉस सोसायटी के छात्र-छात्राओं के सदस्यों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली का औपचारिक भ्रमण कराया गया। जिसमें छात्रों के साथ-साथ सेजेस बलौदा के प्राचार्य बिराजो पैंकरा, रेड क्रॉस प्रभारी गायत्री महेन्द्र व्याख्याता, स्काउट प्रभारी आर के श्रीवास, प्रयोगशाला प्रभारी आरके पटेल के देवांगन व्याख्याता तथा एन तिवारी सहायक शिक्षक, पल्लवी बेसरा आदि उपस्थित रहे। एवं पीएचसी बरपाली प्रभारी केशव पैंकरा (आरएमए), नेत्र सहायक रेखा राठौर, स्टाफ नर्स आस्था पाटले तथा फार्मासिस्ट रितेश साहू आदि के द्वारा छात्रों को स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न क्रियाकलाप तथा गतिविधियों से अवगत कराया गया। बच्चों के द्वारा अस्पताल प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया।

आइसक्रीम मांगने पर मारपीट आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद। आइसक्रीम मांगने पर एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ग्राम परसकोल निवासी सचिन भोई ने बताया कि 08 अक्टूबर की शाम करीबन 07 बजे वह अपने दोस्त सुजीत प्रधान के साथ गुलशन किराना दुकान गया और गुलशन से आइसक्रीम मांगा, इस पर गुलशन गुस्से में आकर मैं थक गया हूं, अभी नही दे पाउंगा कहते हुए विवाद करने लगा। इसी दौरान अरूण खम्हारी एवं बनमाली खम्हारी ने भी वहां आकर उसके साथ एक राय होकर गाली गलौच कर मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

निधन

देवानंद देवांगन



भटगांव। शिक्षक देवानंद देवांगन निधन 9 अक्टूबर को भटगांव में हो गया।उनका अंतिम संस्कार स्थानिय मुक्तिधाम में किया गया। वे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गदहाभाठा में पदस्थ थे।

हिरमी में संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 168 विद्यार्थी शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर

विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिरमी में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के जिला समन्वय, बलौदाबाजार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के कुल 168 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य पीआर वर्मा ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की महत्ता और भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के उद्देश्यों से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान है। इसमें निहित संस्कार, नैतिक मूल्य, आदर्श एवं जीवन जीने की श्रेष्ठ पद्धति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान प्राप्त कर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। परीक्षा प्रभारी इंदुरानी वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, नैतिक मूल्यों एवं अध्यात्म से परिचित कराना है। इस प्रकार की परीक्षाओं से विद्यार्थियों में ज्ञान प्राप्त करने की जिज्ञासा बढ़ती है तथा वे अपने सांस्कृतिक मूल्यों और जीवन के आदर्शों को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं।



व्यक्तित्व निर्माण में सहायक

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे केवल विद्यालय की नियमित परीक्षाओं तक ही सीमित न रहें, बल्कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। ऐसी परीक्षाएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी सहायक होती हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को जानने, समझने और उसके प्रति सम्मान का भाव विकसित करने का अवसर मिला। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना के महत्व का संदेश दिया। परीक्षा के सफल संचालन में इनका रहा योगदान परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में ललित वर्मा, हरीश वर्मा, पंकज, नीरज, पूर्णिमा, अजय निर्मलकर, श्यामसुन्दर, राजकपूर, टीकेश्वरी एवं अंजली साहू उपस्थित रहे।सभी के सहयोग से परीक्षा का संचालन किया गया। संस्कृति का ज्ञान, संस्कारों का सम्मान और नैतिक मूल्यों का पालन ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।

आयोजन : निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 174 विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के सीएसआर एवं माइंस विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, कुकुरदी में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 174 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अपने परिवार एवं समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाना था। कार्यक्रम में कुकुरदी के सरपंच प्रतिनिधि गोपाल प्रसाद साहू, विद्यालय के शिक्षकगण, अल्ट्राटेक के माइंस विभाग से सेक्शन हेड हेमंत वर्मा, सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा एवं दया वर्मा उपस्थित रहे।

चितावर धाम में स्कूल बच्चों ने परिसर की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हिरमी रावन। ग्राम भालूकोना स्थित प्रसिद्ध चितावर धाम मंदिर परिसर में आगामी नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल चांगोरी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास के स्थानों की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए परिसर में फैली गंदगी को हटाया और नवरात्रि पर्व से पहले मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दिया।स्वच्छता अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल हुए। बच्चों द्वारा हाथों में झाड़ू लेकर सफाई करते देख मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने उनकी सराहना की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर चितावर धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष दीनबंधु यादव ने कहा कि बच्चों द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है। इस तरह की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व सिखाती हैं। मंदिर परिषद समिति ने उक्त स्कूल के छात्र-छात्राओं के अलावा प्राचार्य एवं शिक्षकों को प्रति आभार व्यक्त किया आगामी नवरात्र पर्व को देखते हुए चितावर धाम परिसर में हुई इस स्वच्छता पहल से श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी।

करहीबाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

करहीबाजार। भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसेवा, स्वच्छता एवं जनकल्याण से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के निराकरण और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में करहीबाजार के भाजपा परिवार द्वारा क्षेत्र की सबसे बड़ी बाजार परिसर में सेवा अपना योगदान स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजार परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा आम नागरिकों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। भाजपा परिवार की इस पहल का उद्देश्य केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना भी है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों में अपना योगदान देकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए संदेश दिया गया कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प ले, तो गांव और बाजार को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। अभियान मे राजेश पटेल, अरुण निषाद, हिराराम पटेल, जनता पटेल, अशोक पटेल, सतीश पाल, बुधारू पटेल, कुंजराम, कृष्णादास मानिकपुरी, मुलशंकार पटेल, तेजराम यादव सहित ग्रामीण सहभागी रहे।



नवोदय विद्यालय लवन में विद्यार्थियों ने निभाई सरपंच और सचिव की भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

जवाहर नवोदय विद्यालय, लवन में मांडल युवा ग्राम सभा का आयोजन इतिहास शिक्षक सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। सर्वप्रथम सुबह सभा में सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा विद्यालय परिवार को निमंत्रण दिया गया कि शाम 4:30 बजे विद्यालय प्रांगण में मांडल युवा ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात प्राचार्य दिलीप कुमार ठाकुर ने ग्राम सभा के महत्व तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी के बारे में जानकारी दी। शाम 4:30 बजे कार्यक्रम की शुरुआत में सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य देश के युवाओं को त्रिस्तरीय शासन से बारे में जागरूक करना है, ताकि सुंदर भारत को आकार दिया जा सके। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा की छात्रा युगेश्वरी साहू ने युवा सरपंच की भूमिका तथा 12वीं कक्षा के छात्र हरगोविंद वर्मा ने युवा सचिव की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में कुल 58 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें सुष्मिता आदित्य, विद्या देवांगन, प्राची पांडेय, प्रज्ञा पांडेय, कंचन साहू, अक्षांश कश्यप, लव कुमार, कान्हा निषाद सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलिहा ग्राम सभा के सरपंच गोविन्द घृतलहरे उपस्थित रहे उन्होंने बच्चों के इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में युवा सरपंच हरगोविंद वर्मा ने सभी दर्शकों, सहयोगियों, मार्गदर्शकों एवं प्राचार्य का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्रंथपाल राजेंद्र सिका का अप्रतिम योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मंदोदरी सेठ, प्रमोद कुमार, दुर्गेश चंद्रा, गोवर्धन प्रसाद साहू, हर प्रसाद पटेल, स्मिता मुर्मू, प्रदीप कुमार, ज्ञान प्रकाश कुशवाहा, विष्णु कुमार, हेमराज गुजरे, योगेंद्र साहू, मोहम्मद मुस्लिम खान एवं अन्य सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे

- पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में मॉडल युवा ग्राम सभा कार्यक्रम आयोजित

जिले के 5 विकासखंडों में 31 केंद्रों पर होगी दलहन-तिलहन की एमएसपी पर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में पीएम-आशा योजना अन्तर्गत अरहर, चना, मसूर और सरसों खरीदी हेतु जिले के 5 विकासखंडों में 31 समितियों को खरीदी केन्द्र बनाए जाने हेतु प्रस्तावित है। किसानों की सुविधा के लिए जिले के सभी विकासखंडों की सहकारी समितियों का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा योजना) के तहत जिले में अरहर, चना, मसूर और सरसों की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) पर खरीदने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। किसानों को स्थानीय स्तर पर विक्रय की सुविधा देने के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों के अंतर्गत 26 नए उपार्जन केंद्रों (समितियों) को खोलने का विस्तृत प्रस्ताव शासन को मंजूरी के लिए प्रेषित किया गया है। जिले में पूर्व से 5 उपार्जन केंद्र स्वीकृत हैं, जिन्हें मिलाकर अब जिले में दलहन-तिलहन खरीदी के लिए कुल केंद्रों



की संख्या 31 हो जाएगी। पीएम-आशा योजना का विषय और मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पी.एम.आशा) केंद्र सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के अन्नदाताओं की आय को सुरक्षित करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। जानकारी के अनुसारइ विकासखंड पलारी में अमेरा, पलारी, वटगन, जर्वे, रोहांसी एवं देवसुन्द्रा समिति। विकासखंड कसडोल में कसडोल, बया, मुढ़ीपार, गोलाझर, नरधा एवं आमोदी समिति। विकासखंड सिमगा में सिमगा, विश्रामपुर, सुहेला, भटभेरा, डोंगरिया, दामाखेड़ा एवं जंगड़ा समिति। विकासखंड भाटापारा में धुर्राबांधा, देवरी, निपनिया एवं धनेली समिति। विकासखंड बलौदाबाजार में बलौदाबाजार, देवरी, लवन, अर्जुनी, अहिल्दा, सेमराडीह एवं डमरू समिति। शासन स्तर से इस सूची को जल्द ही अंतिम स्वीकृति मिलने की संभावना है। स्वीकृति प्राप्त होते ही सभी 31 केंद्रों पर भौतिक और तकनीकी तैयारियां पूरी कर उपार्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन उज्ज्वल भविष्य की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

श्री महंत लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

मुख्य अतिथि शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के कुलपति डॉ. विनय चौहान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राघवेंद्र प्रताप सिंह ने की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. चौहान ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर मेहनत और ईमानदारी से अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान और नैतिक मूल्यों के माध्यम से समाज के विकास में योगदान देना भी है।

- श्री महंत लाल दास महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह आयोजित



विद्यार्थियों को माता-पिता के त्याग और अपेक्षाओं को समझते हुए उनका सपना साकार करने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने डॉ. राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज एवं शिक्षण समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन युधिष्ठिर उपाध्याय ने किया तथा आभार योगेश शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य कमलेश पटेल, उदयराम केवट, निरंजन अग्रवाल, सुबोध शुक्ला, श्रीराम यादव, धरम आदित्य, गौरीशंकर देवांगन, गोपाल पटेल, विवेक लहरें, शशिकांत वैष्णव, राकेश साहू, मंजूषा आदित्य, कंचन आदित्य, नीतु आदित्य, पुनि राकेश, कंचन साहू, चंद्रिका साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य रामशंकर कश्यप, संजू पटेल और चित्ररेखा यादव उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।







महिला के साथ गाली गलौज, जुर्म दर्ज

महासमुंद। महिला के साथ गाली गलौज करने वाले आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाना में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बावनकेरा निवासी शाहीन खान ने बताया कि उसने शमीम खान के साथ अंतरजातीय विवाह किया है, इसी बात को लेकर उसका जेठ मजीद खान हमेशा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देता रहता है । 09 अक्टूबर को भी उसके जेठ ने गाली गलौच किया।

गायिका कंचन जोशी को पुस्तक जीवन दर्पण भेंट

पिथौरा। दृष्टिहीन छात्र भूपेंद्र (एमए) के संघर्ष, हौसले और कामयाबी को रेखांकित करने वाली प्रकाशित पुस्तक जीवन दर्पण छत्तीसगढ़ की मशहूर गायिका कंचन जोशी को लेखक हेमंत खुटे ने भेंट की। पुस्तक की विषयवस्तु से प्रभावित कंचन जोशी ने भूपेंद्र की उपलब्धि को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि शारीरिक चुनौतियां कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं।



